संध्या सिंह
संयुक्त निदेशक (एमएंडई)
दूरभाष: 24364112
ई-मेल : sandhya.singh@nic.in

अ.शा. पत्र सं. एस-13011/01/02015-एसबीएम
दिनांक 23 जून, 2015

सेवा में,
सभी राज्यों के पेयजल एवं ग्रामीण स्वच्छता के प्रधान सचिव

विषय :- राज्यों में ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों की वीडियो क्लिपिंग/दस्तावेजीकरण।

महोदय/महोदया,

जैसा कि आपको विदित है कि मंत्रालय को वर्ष 2019 तक भारत को खुले में शौच मुक्त बनाने और 2017 तक सभी को पेयजल उपलब्ध कराने का जनादेश प्राप्त है। अत: ग्रामीण जल आपूर्ति और स्वच्छता के क्षेत्र में राज्यों द्वारा बहुत सी गतिविधियाँ, साथ ही साथ कुछ बहुत अच्छे कार्य किए जा रहे हैं। इन सभी उत्कृष्ट कार्यों का दस्तावेजीकरण करने और छोटे वीडियो क्लिपिंग बनाने के लिए बहुत लंबे समय से जरूरत महसूस की गई है ताकि उन्हें इस क्षेत्र में सभी स्टेकहोल्डरों के साथ व्यापक क्षेत्र में बांटा जा सके।

ग्रामीण स्वच्छता और ग्रामीण जल आपूर्ति पर माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा हाल ही में ली गई बैठक में, उन्होंने इस मंत्रालय को इस क्षेत्र में किए उत्कृष्ट कार्यों और किए जा रहे अच्छे कार्यों पर उन्हें ऑडियो/वीडियो डॉक्यूमेन्टेशन/लिखित कहानियाँ भेजने का भी निदेश दिया है।

राज्यों से सभी प्रकार के दस्तावेजीकरण और उत्कृष्ट कार्यों के सभी रूपों को करने के लिए इस मंत्रालय के वैबसाइट में अपलोडिंग के लिए एक लिंक उपलब्ध कराया गया है। यह लिंक है:http://indiawater.gov.in/misc/uploadBestPractice.aspx. अत: आपसे अनुरोध है कि कुछ बेहतर गुणवत्ता वाले स्टिल फोटोग्राफों के साथ ही उत्कृष्ट कार्यों/उत्कृष्ट कार्यों की ऑडियो/वीडियो डॉक्यूमेंटेशन शीघ्रातिशीघ्र इस मंत्रालय के वैबसाइट पर अपलोड कर दें।

सादर,

भवदीया,

(संध्या सिंह)

प्रति:-

1. राज्य समन्वयनकर्ता (एसपीएमजी)/मुख्य अभियंता/इंजीनियर इन चीफ, लोक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग/निदेशक सीसीडीयू/डब्ल्यूएसएसओ ।
2. मंत्रालय के वैबसाइट पर डालने हेतु तकनीकी निदेशक, एनआईसी।